# मानव संसाधन निर्माण में सरंपचो की अहम भूमिकाः डॉ. शर्मा

## मेवाड़ विश्वविद्यालय ने आयोजित किया लॉक डाउन सारथी सम्मान



गंगरार, 14 जुलाई (जसं.) । बुनयादी संरचना, सड़क व खरंजे के निर्माण के साथ-साथ सरपंचो की मानव संसाधन निर्माण में अहम भूमिका हो सकती है। सरपंच राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

यह विचार राशमी पंचायत समिति के सभागार में मेवाड़ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित लॉकडाउन सारथी सम्मान समारोह में अखिल भारतीय प्रधान संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो. डॉ. लोकेश शर्मा ने बतौर मुख्य वक्ता व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सरपंचों को अपनी पंचायतों से अधिकाधिक छात्रों को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करना चाहिए। हमको भौतिक संरचनाओं के साथ साथ नवयुवकों के सकारात्मक मस्तिष्क का निर्माण करने में भूमिका अदा करनी चाहिए, यह हमारा देश के लिए सबसे बड़ा योगदान होगा।

कार्यक्रम में राशमी पंचायत समिति के सरपंचो, पंचायत समिति के सदस्यों, जिला परिषद के सदस्यों को प्रतीक चिह्न के साथ पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। लॉकडाउन के समय में सरपंचों की विशेष भूमिका को दृष्टिगत रखते हुए मेवाड़ विश्वविद्यालय ने सभी संबंधित सरपंचो का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत समिति के प्रधान दिनेश बुनकर ने मेवाड़ विश्वविद्यालय के इस सम्मान की प्रशंसा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के इस प्रयास से पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों को और अच्छा कार्य करने का प्रोत्साहन मिलेगा। उप प्रधान राजू सैनी ने सरपंचो को विपदा के समय किए अच्छे कार्यो की सराहना की।

कार्यक्रम में शीतांग जोशी, गणेश पूनिया, सरपंच संघ अध्यक्ष नारायण अहीर, मोहनलाल, आनंद कुमार, अंजना देवी, सीमा देवी, रतन लाल जाट, पुष्कर कुमार अहीर, प्रभुलाल सहित सैकड़ों जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रधान दिनेश बुनकर की अध्यक्षताम में आयोजित कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र सिंह भाटी तथा संचालन जिला परिषद सदस्य रवि मेनारिया ने आभार व्यक्त किया।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय द्वारा लॉक डाउन सारथी सम्मान समारोह हुआ आयोजित

चमकता राजस्थान, चित्तौड़गढ़,(अमित कुमार चेचानी/छोटू)। बुनयादी संरचना निर्माण, सड़क, खरंजे के निर्माण के साथ साथ सरपंचो की मानव संसाधन




निर्माण में अहम भूमिका हो सकती है, सरपंच राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं उक्त उद्गार राशमी के पंचायत समिति के सभागार में अखिल भारतीय प्रधान संघठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो. डॉ. लोकेश शर्मा ने बतौर मुख्य वक्ता कहे। डॉ शर्मा ने कहा कि सरपंचो को अपनी पंचायतों से अधिकाधिक छात्रों को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करना चाहिए, हमको भौतिक संरचनाओं के साथ साथ नवयुवकों के सकारात्मक मस्तिष्क का निर्माण करने में भूमिका अदा करनी चाहिए, यह हमारा देश के लिए सबसे बड़ा योगदान होगा।

# लॉक डाउन सारथी सम्मान समारोह आयोजित

राशमी, बुनियादी संरचना निर्माण, सड़क, खूरंजे के निर्माण के साथ साथ सरपंचों की मानव संसाधन निर्माण में अहम भूमिका हो सकती है। सरपंच राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




ये विचार राशमी के पंचायत समिति के सभागार में अखिल भारतीय प्रधान संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोकेश शर्मा ने बतौर मुख्य वक्ता कहे। डॉ. शर्मा ने कहा कि सरपंचों को अपनी पंचायतों से अधिकाधिक छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। हमको भौतिक संरचनाओं के साथ साथ युवकों के सकारात्मक मस्तिष्क का निर्माण करने में भूमिका अदा करनी चाहिए। यह हमारा देश के लिए सबसे बड़ा योगदान होगा। मेवाड़ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित लॉकडाउन सारथी सम्मान समारोह राशमी पंचायत समिति में आयोजित हुआ जिसमें सरपंचों, पंचायत समिति के सदस्यों, जिला परिषद के सदस्यों को प्रतीक चिह्न के साथ पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

लॉकडाउन के समय में सरपंचों की विशेष भूमिका को दृष्टिगत रखते हुए मेवाड़ विश्विद्यालय ने सभी संबंधित सरपंचों का आभार प्रकट किया। मुख्य अतिथि प्रधान दिनेश बुनकर ने मेवाड़ विश्वविद्यालय के इस सम्मान के कदम की प्रशंसा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के इस प्रयास से पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों को और अच्छा कार्य करने का प्रोत्साहन मिलेगा। उप प्रधान राजू सैनी ने सरपंचों को विपदा के समय किए अच्छे कार्यो के लिए बधाई दी। जिला परिषद सदस्य रवि मेनारिया ने आभार प्रकट किया। यहां शितांग जोशी, गणेश पूनिया, सरपंच संघ अध्यक्ष नारायण अहीर, मोहनलाल, आनंद कुमार, अंजना देवी, सीमा देवी, रतन लाल जाट, पुष्कर कुमार अहीर, प्रभुलाल सहित सैंकड़ों जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# लॉकडाउन सारथियों का किया सम्मान



राशमी। पंचायत समिति सभागार में बुधवार को लॉकडाउन सारथी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मेवाड़ विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता पंचायत समिति प्रधान दिनेश बुनकर ने की। समारोह के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय प्रधान संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रोफेसर लोकेश शर्मा ने कहा की बुनियादी संरचना निर्माण, सड़क, खरंचे के निर्माण के साथ-साथ सरपंचों की मानव संसाधन निर्माण में अहम भूमिका हो सकती हैं। पंचायत समिति क्षेत्र के सरपंचों, पंचायत समिति सदस्यों, जिला परिषद सदस्यों का मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता प्रधान दिनेश बुनकर ने की। सरपंच संघ अध्यक्ष नारायणलाल अहीर, गणेशलाल पूर्बिया, बंशीलाल रेगर, रतनलाल जाट, संजय सुखवाल, सीमा देवी खटीक, सरपंच प्रतिनिधि गोपाल सिंह राठौड़, जिनेन्द्र कोठारी, प्रभुलाल अहीर, मोहनलाल जाट मौजूद रहे। संचालन वीरेंद्र सिंह भाटी ने किया। जिला परिषद सदस्य रवि मेनारिया ने आभार जताया।